
Karnataka Board

Mid Term Question Paper



2nd PUC
Question Paper

aglasem.com

PUC-II YEAR MIDTERM EXAMINATION-2022

Time : 3 Hours 15 Minutes | SUBJECT : HINDI (03) | MARKS : 100

सूचना : 1) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है।
2) प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना आवश्यक है।

प्र. अ. एक शब्द, वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए । 6X1=6

1) सुजान की पत्नी का नाम क्या है ?
2) कर्तव्य करने से क्या बढता है ?
3) गंगा मैया ने सत्य को क्या कहा है ?
4) पिताजी का आग्रह क्या था ?
5) विश्वेश्वरय्या का जन्म कहाँ हुआ ?
6) घर में किसका राज होता है ?

आ. निम्नलिखित प्रश्नो में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 3X3=9

7) सुजान भगत अपना खोया हुआ अधिकार फिर कैसे प्राप्त करता है ?
8) अंग्रेजी जहाज बीच समुद्र में डूबते समय पुरुषों ने कैसे अपना धर्म निभाया ?
9) गंगा मैया का कुर्सी से क्या अभिप्राय है ?
10) शीला अग्रवाल की लेखिका पर क्या प्रभाव पडा ?
11) विश्वेश्वरय्या के गुण स्वभाव का परिचय दीजिए ।

प.I.अ. निम्नलिखित वाक्य किसने-किससे कहे । 4X1=4

12) धरम के काम में मीन-मेष निकालना अच्छा नहीं ।
13) 'बाबा इतना मुझसे उठ न सकेगा' ।
14) लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए तब बुलाना ।
15) "यू हैव मिस्ड - समथिंग" ।

आ. निम्नलिखित में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए । 2X3=6

16) अब तक जिस घर मे राज किया, उसी घर में पराधीन बनकर नही रह सकता ।
17) 'एक बार जब जबान पर चढ़ जाए तो फिर कुछ अच्छा नहीं लगता' ।
18) 'कर्तव्य करना न्याय पर निर्भर है' ।
19) पिता के ठीक विपरित थी हमारी बेपढी लिखि मां ।

III. अ. एक शब्द, वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए। 6X1=6

20) रैदास किस राज्य की कामना करते है ?
21) गोपिकाएँ किसे संबोधित करते हुए बातें कर रही हैं ?
22) कर्म का फल देनेवाला कौन है ?
23) आँखो की सुंदरता किससे बढती है ?
24) बेटी किन्हें गहने मानती हैं ?
25) कवि नरेन्द्र शर्मा ने किसे अधीक अपावन कहा है ?

आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर लिखिए । 2X3=6

26) श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।
27) रहीमजी ने मनुष्य की प्रतिष्ठा के संबंध में क्या कहा है ?
28) बादल एवं वसंत ऋतु से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?
29) गहने कविता के द्वारा कवि ने क्या आशय व्यक्त किया है ?

इ. संसंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए । 2X4=8

30) रैदास श्रम करि खाईहि, जो लौ पार बसाय ।
नेक कमाई जउ करइ, कबहु न निफल जाय ॥ (-अथवा-)
रहिमन जिहा बावरी, कहि गइ सरग पताल ।
आपु तो कहि भीतर रही, जूती खात कपाल ॥

31) वे सूने से नयन, नहीं
जिनमें बनते आँसू-मोती (-अथवा-)
वह प्राणों की सेज, नहीं
जिनमें बेसुध पीडा सोती ।
ले देकर जीना क्या जीना ?
कब तक गम के आँसू पीना ?
मानवता ने सीधा तुझको,
बहा युगों तक खून -पसीना ॥

IV. अ. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए । 5X1=5

32) दादाजी के अनुसार उनका परिवार किस पेड के समान है ?
33) नौकरों से काम लेने के लिए क्या होनी चाहिए ?
34) दादाजी का छोटा पोता परेश किस पद पर था ?
35) व्यक्ति किन गुणों से बडा होता है ?
36) 'सूखी डाली' के एकांकीकार का नाम लिखिए ?

(P.T.O)

schools.aglasem.com
aglasem.com

आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 2X5=10

37) बेला की मानसिक दशा का वर्णन कीजिए ।

-अथवा- दादाजी की क्या आकांक्षा थी ?

38) दादाजी ने परेश को किस प्रकार मनाया ?

-अथवा- इन्दु को अपनी भाभी बेला पर क्यों क्रोध आया ?

V. अ. वाक्य शुद्ध कीजिए । 4X1=4

39) i) मेरा तो प्राण निकल गया । ii) यह किताब किसका है ।

iii) रमा ने पढती है । iv) मै विश्वविद्यालय को जा रहा हूँ ।

आ. कोष्टक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए । (सम्मान, कर्तव्य, सत्य, प्रवृत्ति) 4X1=4

40) i) सच्चाई की ओर हमारी ..... झुकती है । ii) मनुष्य का परम धर्म ..... बोलना है ।

iii) सत्य बोलने से हमारा ..... होगा । iv) स्वार्थी लोग अपने ..... पर ध्यान नहीं देते ।

इ. निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए । 3X1=3

41) i) किसान पौधों को पानी दे रहा है । (भविष्यत् काल में बदलिए)

ii) राधा फूल चुनेंगी । (वर्तमान काल में बदलिए)

iii) श्रीकृष्ण गंगा में स्नान कर रहे हैं । (भूतकाल में बदलिए)

ई. निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोडिए । 4X1=4

42) i) दुमदबाकर भागना 1) छिपा हुआ दोष प्रकट करना ।

ii) जान निछावर करना 2) हारकर भाग जाना ।

iii) आसमान से तारे तोडना 3) पूर्ण रुपेण समर्पण करना ।

iv) पोल खोलना 4) असंभव काम करना ।

उ. 43) निम्न शब्दों के अन्य लिंग रूप लिखिए । i) सम्राट ii) गुणवान iii) कवयित्री 3X1=3

ऊ. 44) निम्न अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए । 3X1=3

i) जो भगवान पर विश्वास रखता है । ii) जिसका कोई आकार न हो । iii) जिसकी उपमा न हो ।

ए. 45) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोडकर नए शब्दों का निर्माण किजिए । 2X1=2

i) राज्य ii) नायक ।

ऐ. 46) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए । i) महत्वपूर्ण ii) स्वच्छता । 2X1=2

VI. अ. 47) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । 1X5=5

i) राष्ट्रिय एकता ii) मेरे जीवन का लक्ष्य iii) समय का सदुपयोग ।

-अथवा-

छुट्टी मांगते हुए प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए ।

आ. 48) निम्नलिखित अनुच्छेद पढकर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 5X1=5

"स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है । हम लेकर रहेंगे" । ये उदगार लोकमान्य तिलक के जो अपनी भरी जवानी में ही जान हवेली में रखकर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पडे थे ।

उनमें अदभूत उत्साह और कार्यक्षमता थी । भय तो उन्हे थी ही नहीं - न अपनी जीविका और न अपने जीवन का जिस समय वह लाखों की भीड में बोलने लगते थे उस समय उनकी दहाड एक सिंह की दहाड होती थी । झुकना तो वे जानते ही नही थे ।

तत्तकालीन अंग्रेजी सरकार उन्हें बार बार झुकाने की कोशिश करती लेकीन वे नहीं झुके, हिमालय की तरह अटल और अडिग रहे ।

1) तिलक जी के उद्गार क्या थे ?

2) तिलकजी किस संग्राम में कूद पडे थे ?

3) तिलकजी में कौन से अदभूत गुण थे ?

4) तिलक जी क्या नहीं जानते थे ?

5) तिलक जी किसकी तरह अटल और अडिग रहे ?

इ. 49) हिन्दी में अनुवाद कीजिए । 5X1=5

i) ದೇಶದ ಸುರಕ್ಷತೆ ನಮ್ಮೆಲ್ಲರ ಕರ್ತವ್ಯವಾಗಿದೆ. The security of our nation is our responsibility.

ii) ಏಕತೆಯೇ ನಮ್ಮ ಶಕ್ತಿ Unity is our strength.

iii) ಭಾಷೆಗಳಲ್ಲಿ ಯಾವುದೇ ವೈರತ್ವ ಇರಕೂಡದು. There should not be any enemity among language.

iv) ಸರಕಾರವು ನಾಗರಿಕರನ್ನು ರಕ್ಷಿಸಬೇಕು. The Government should protect citizens.

v) ನಾವು ಭಾರತ ದೇಶದ ಪ್ರಜೆಗಳು. We are citizens of India.

schools.aglasem.com
AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com
aglasem.com